कलेक्टर के निर्देश के दूसरे दिन ही भिलाई निगम ने लिया बड़ा एक्शन, बस स्टैंड से सभी कबाड़ वाहनों को हटाया, नालियों के ऊपर लगे हुए अवैध होर्डिंग का भी हुआ सफाया

भिलाई नगर/ कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा ने विगत रात्रि को मार्केट क्षेत्रों का निरीक्षण कर जायजा लिया था इस दरमियान उन्होंने अव्यवस्थित तरीके से पड़े हुए कबाड़ एवं कंडम वाहनों को पावर हाउस बस स्टैंड से हटाने यातायात विभाग के साथ मिलकर संयुक्त अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। इसी तारतम्य में निगम आयुक्त रोहित व्यास ने अधिकारियों को त्वरित रूप से कार्रवाई करने कहा था। जिसके परिपालन में आज सुबह से ही कबाड़ वाहनों को हटाने के लिए यातायात विभाग के साथ मिलकर निगम ने संयुक्त अभियान चलाया और सभी कंडम वालों को हटाने की कार्रवाई की गई इसके साथ ही कई प्रकार के वाहन जो काफी लंबे समय से यहां पर खड़े थे उन्हें भी हटवाया गया। नाली के ऊपर कुछ दुकानदारों के द्वारा होर्डिंग लगा दिए गए थे जिसके चलते सड़क बाधा हो रही थी, तथा नाली सफाई के साथ ही आवागमन में भी असुविधा का सामना लोगों को करना पड़ रहा था , ऐसे होर्डिंग को भिलाई निगम के राजस्व विभाग की टीम ने हटाने की कार्रवाई की और स्थल को स्वच्छ किया। निगम के राजस्व विभाग की टीम ने आज दिनभर कार्रवाई को अंजाम दिया। वही अवैध अतिक्रमण करने वालों को भी हटाया गया , दुकान के सामने अतिरिक्त रूप से बांस , बल्ली के माध्यम से दुकानदार द्वारा सड़क बाधा करते हुए दुकान का संचालन किया जा रहा था जिसे निगम की टीम ने हटा दिया। कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद रहे तथा निगम के सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू एवं तोड़फोड़ दस्ता की टीम ने मिलकर कार्रवाई की।